हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 11 फ़रवरी 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार:-

1. देश मे घरेलू सौर माड्यूल उत्पादन क्षमता 144 गीगावाट तक हुई ।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर पंचकूला मे आयोजित समर्पण दिवस समारोह को संबोधित किया ।

3. मुख्यमंत्री ने कहा, हरियाणा सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन पर चलते हुए अंतिम व्यक्ति को विकास का लाभ दे रही है ।

4. हरियाणा सरकार ने दो करोड़ उनतालीस लाख रुपये के चिकित्सा उपकरणों की खरीद को मंजूरी दी ।

5. मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग को लघु सूक्ष्म और मध्यम उद्योगों को और अधिक प्रोत्साहन देने के निर्देश दिए ।

---

देश में घरेलू सौर मॉड्यूल उत्पादन क्षमता 144 गीगावाट तक पहुंच गई है। केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने आज लोकसभा में पूरक प्रश्नों के उत्तर में ये जानकारी दी। श्री जोशी ने कहा कि पहले सौर ऊर्जा उत्पादन केवल छह से सात मेगावाट होता था। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार हरित ऊर्जा कॉरिडोर में आने वाले राज्यों को सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए पर्याप्त पैसा दिया जा रहा है।

***ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर-1 में दस हजार करोड़ रुपये से ज्यादा हमने पैसा स्टेट को दिया है और ग्रीन एजर्नी कॉरिडोर-2 में 12 हजार करोड रूपये हमने स्टेट को दिया है, इसमें उत्तर प्रदेश भी है।***

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन पर चलते हुए अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचा रही है। मुख्यमंत्री आज पंचकूला में बीजेपी प्रदेश कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित 'समर्पण दिवस' कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा थी कि राजनीति सत्ता का साधन नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम है। उन्होंने दलगत राजनीति से परे राष्ट्र-सेवा को सर्वोपरि माना। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने 'एकात्म मानववाद' और 'अंत्योदय' जैसे कालजयी सिद्धांतों का प्रतिपादन किया। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति का मूल्यांकन शिखर पर खड़े व्यक्ति से नहीं, बल्कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की स्थिति से होना चाहिए। श्री नायब सिंह ने कहा कि

वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अंत्योदय के सिद्धांत के अनुरूप बिना किसी भेदभाव के हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। गरीबों को आवास, शौचालय, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, देश की 80 करोड़ जनता को मुफ्त राशन देने की योजना इसके उदाहरण हैं।आयुष्मान और चिरायु योजना का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा -

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बड़ी संख्या में लोग आयुष्मान योजना का लाभ उठा रहे है। थैलेसीमिया व हीमोफीलिया से पीड़ित रोगियों को भी 3 हजार रुपये मासिक वित्तीय सहायता दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी की सुविधा के लिए सरकारी अस्पतालों में निजी अस्पतालों जैसी सुविधाएं मुहैया कारवाई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 41 लाख गरीब परिवारों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। गरीब का सिर पर अपनी छत का सपना पूरा करने के लिए 'प्रधानमंत्री आवास योजना' के तहत 1 लाख 56 हजार मकान दिए गए हैं।

प्रदेश में बहन-बेटियों को आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरुआत की गई है।

---

आज अंबाला में भाजपा कार्यालय "अम्ब कमल" में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में "समर्पण दिवस" संगोष्ठी का आयोजन किया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल ने कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ की। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल गुज्जर ने पंडित दीनदयाल के "एकात्म मानववाद" के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका विचार दर्शन आज भी भारतीय राजनीति और समाज जीवन के लिए प्रेरणास्रोत है।

उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल विचारधारा का मूल आधार यह था कि विकास केवल भौतिक प्रगति तक सीमित न रहकर भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने व्यक्ति, समाज और प्रकृति के बीच संतुलन और सामंजस्य पर जोर दिया।

---

हरियाणा सरकार ने 2 करोड़ 39 लाख रुपये के महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरणों की खरीद को मंजूरी दी है, जिसमें 25 स्लिट लैंप, 140 रेडिएंट वार्मर, 60 एलईडी फोटोथेरेपी इकाइयां और 1,575 प्लास्टिक मोल्डेड पैलेट शामिल हैं। यह मंजूरी

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा की अध्यक्षता में विशेष स्थायी उच्च क्रय समिति की बैठक के दौरान दी गई। डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि इसका मकसद राज्य भर में रोगी देखभाल को बेहतर बनाना और स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ांचे को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि उपकरण नागरिक अस्पतालों, नवजात देखभाल इकाइयों को दिए जाएंगे ताकि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर निदान, उपचार और भंडारण सुविधाएं सुनिश्चित हो सकें।उन्होंने बताया कि यह खरीद दो साल के दर अनुबंध के तहत की जाएगी जिसमें उपकरणों के निर्बाध कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए रखरखाव सहायता भी शामिल है।

-------------------------------------------------------------------------------------------------

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उद्योग विभाग के अधिकारियों को लघु सूक्ष्म और मध्यम उद्योगों को अधिक प्रोत्साहन देने के निर्देश दिये हैं। विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने यह निर्देश दिए।  मुख्यमंत्री ने ऐसी नीति बनाने की जरूरत पर बल दिया जो खासकर महिलाओं और समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को उद्यमी बनाने को बढ़ावा दें, ताकि समेकित आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल सके। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग के अधिकारियों को खैर के पेड़ों की गैर-कानूनी कटाई के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने जंगलों की कटाई को रोकने, हरित क्षेत्र बढ़ाने और राज्य भर में पेड़ों की सही मार्किंग करने के लिए तत्परता से कदम उठाने को कहा। उन्होंने अरावली क्षेत्र में संरक्षण की जरूरत पर भी बल दिया। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि किसान हरियाणा की आर्थिक रीढ़ है और किसानों की आय और उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्व है। उन्होंने निर्देश दिये कि और ज्यादा से ज्यादा 'हर हित स्टोर' सीएम पेक्स खोले जाएं और स्वयं सहायता समूहों को सौंपे जाएं ताकि महिलाओं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो को रोजगार के बेहतर अवसर सुलभ हो सके।

-------------------------------------------------------------------------------------------------

पलवल पुलिस की नशा मुक्ति टीम एंव थाना कैम्प पुलिस टीम ने आज संयुक्त रूप से शमशाबाद कालोनी मे जागरूकता अभियान चलाया। पुरुषों एंव युवाओ से सीधा संवाद किया गया और उन्हे नशे के दुष्प्रभावों के बारे मे विस्तार से बताया गया ।

-------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा जिले के राजकीय विद्यालयों मे प्राथमिक उपचार किट का वितरण किया जाएगा । इस जनकल्याणकारी अभियान की शुरुआत आज उपायुक्त एंव अध्यक्ष डॉक्टर हरीश कुमार वशिष्ठ ने जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से प्राथमिक उपचार किट वितरित कर के की।

-------------------------------------------------------------------------------------------------